आज रविवार को चलेगा महा अभियान ड्राई डे दिन में 10 से 11 भिलाई निगम क्षेत्र मे भिलाई

नगर निगम भिलाई क्षेत्र में रविवार के दिन 10:00 बजे से 11:00 बजे के बीच में सभी नागरिक एक साथ मिलकर चलाएंगे ड्राई डे। इस अभियान में जुड़ने के लिए विधायक रीकेस सेन, देवेंद्र यादव महापौर नीरज पाल, कलेक्टर सुश्री रिचा प्रकाश चौधरी, नगर निगम कमिश्नर देवेश ध्रुव, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अजय भसीन फाइट द बाइट संयुक्त अभियान से सबको जुड़ने के लिए आवाहन किए हैं। संयुक्त अभियान में रविवार के दिन सुबह 10:00 बजे से 11:00 तक प्रत्येक नागरिक अपने घर की साफ-सफाई करेगा। अपने घर के कुलर, गमले, फ्रिज के नीचे का ट्रे ,पानी का नाद, एवं अन्य स्थल जहां पर भी पानी जमा होने की संभावना है, पूरी तरह साफ करके, सुखा के, फिर उसमें पानी भरा जाएगा। तभी ड्राई डे का अभियान सफल होगा। फाइट द बाईट अभियान के अंतर्गत किसी भी प्रकार के मच्छर के लार्वा पाए जाने पर पानी को सुखे में गिरा देना है। उसमें जला मोबाइल डाल देना है या निगम से मिली हुई टेमी फास् की दवा को डालेंगे। यही प्रयास होगा कि डेंगू मलेरिया मच्छर जनित बीमारी न फैले। इस अभियान में एक विशेष प्रतियोगिता है, सभी लोग सफाई करके अपना फोटो सोशल मीडिया में डालेंगे नगर निगम भिलाई के साइड में पोस्ट करेंगे। जिससे दूसरे के लिए प्रेरणा स्रोत हो। महापौर नीरज पाल ने सभी नागरिकों माता एवं बहनों खिलाड़ियों से स्कूल कॉलेज के बच्चों व्यापारियों से सामूहिक आवाहन की है, कि हम सब मिलकर के एक घंटा अपने परिवार के लिए, अपने अड़ोस-पड़ोस अपने घर के लिए ,श्रमदान करेंगे। अपने आसपास के लोगों को भी प्रेरित करेंगे। नगर निगम भिलाई के सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी अपने-अपने घरों में साफ सफाई करेंगे। उसकी पोस्ट निगम के फेसबुक ट्विटर इंस्टाग्राम में डालेंगे। सबको प्रेरित करेंगे।